

अमेरिका के नियाग्रा वाटर फॉल में विराजमान हैं माता भगवती

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शारदीय नवरात्र के चलते शहर माता की भक्ति में लीन है। सभी प्रमुख स्थानों पर रंगीन झिलमिलाते भव्य पूजा पंडाल सजे हुए हैं। अलग-अलग झांकियों में शक्ति स्वरूपा अपने विभिन्न स्वरूपों में दर्शन दे रही हैं।

इसी क्रम में टीला जमालपुरा के मोती क्वार्टर क्षेत्र में इस वर्ष अमेरिका के प्रसिद्ध नियाग्रा फॉल की हूबहू प्रतिकृति की झांकी में मां भगवती विराजमान हैं। यहां शाम ढलते ही माता की मोहक झलक देखने के लिए भक्तों का तांता जुटने लगता है। दर्शन का सिलसिला देर रात तक जारी रहता है। श्री माँ दुर्गा उत्सव समिति के वरुण गुप्ता ने बताया कि कृत्रिम वाटर फॉल में 50 फीट की ऊंचाई से लगतार पानी गिरता रहता है। गिरते जलप्रपात के बीच श्रीडी तकनीक के माध्यम से माता के दर्शन होते हैं।10 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में बनी इस झांकी में मां भगवती की नौ फीट ऊंची मूर्ति



स्थापित की गई है। 45 लाख रुपये की लागत से इस पूजा पंडाल को तैयार किया गया है।

इसमें चार हजार बांस, एक हजार मीटर कपड़ा और 1500 मीटर प्लास्टिक सीट का उपयोग किया गया है। पूजा पंडाल के अलावा परिसर के बाहर भी सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। समिति के विजय पटेल, विपिन आहूजा, सचिन श्रीवास्तव, कृष्णकांत रघुवंशी, रितेश गौर ने सभी श्रद्धालुओं से माता के दर्शन कर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

न्यूमार्केट अग्निकांडः छोला भटूरा दुकान के संचालक पर केस दर्ज

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः न्यूमार्केट में हनुमान मंदिर के पास स्थित छोला भटूरा की दुकान में भीषण आ लग गई थी। आग की चपेट में आसपास की आठ दुकानें भी आ गई थीं। इसके अलावा एक रेस्टोरेंट संचालक जान बचाने की कोशिश में छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था।

आठ अक्टूबर को हुई इस घटना के मामले में प्रभावित दुकानदारों ने टीटी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में गंभीर लापरवाही की पुष्टि होने मंगलवार को छोला भटूरा दुकान के संचालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

टीटीनगर थाना पुलिस के मुताबिक पिछले दिनों न्यूमार्केट की आधा दर्जन से अधिक दुकानों में लगी भीषण आग के मामले में बालाजी छोला-भटूरा दुकान के संचालक दीप उर्फ दीपू अग्रवाल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच में दुकान में जल रही भट्टी का लापरवाहीपूर्वक उपयोग करने की बात सामने आई है। आग पहले बालाजी छोला-भटूरा दुकान में लगी और फिर आसपास की दुकानों तक फैल गई थी। हादसे में आम्रपाली रेस्टोरेंट, विजय स्टोर, एक कैफे और मोबाइल दुकान को नुकसान पहुंचा था। आग से प्रभावित आम्रपाली रेस्टोरेंट के संचालक पवन अग्रवाल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके आधार पर पुलिस ने ज्वलनशील पदार्थों के संबंध में लापरवाही और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। टीटीनगर थाना प्रभारी गौरव सिंह दोहर ने बताया कि बालाजी दुकान में जल रही भट्टी के पास रखे कपड़े में आग लगने से हादसा शुरू हुआ था। वहीं, दुकान में अग्नि सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने के मामले की जांच नगर निगम कर रहा है।

रिटायर्ड आईएएस हत्याकांडः केयरटेकर मुहैया कराने वाली एजेंसी पर केस दर्ज

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः रातीबड़ थाना इलाके के सूरज नगर में रहने वाले रिटायर्ड आइएएस राकेश अग्रवाल की 29 सितंबर की रात केयरटेकर द्वारा हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने केयरटेकर उपलब्ध कराने वाली एजेंसी के संचालक पर केस दर्ज किया है। आरोप है एजेंसी संचालक ने केयरटेकर वरुण कुमार का ना तो चरित्र सत्यापन कराया था और न ही उसके बारे में जानकारी थाने को दी थी। रातीबड़ थाना पुलिस के मुताबिक बीमार चल रहे राकेश अग्रवाल की देखरेख के लिए वर्मा हेल्थ केयर एजेंसी के संचालक अखिलेश वर्मा ने 26 सितंबर को वरुण कुमार को भेजा था। 29-30 सितंबर की दरिमयानी रात वरुण, अग्रवाल की हत्या करने के साथ मोबाइल फोन, जेवरात और नकद रुपये लेकर फरार हो गया था। जांच के दौरान पता चला कि अखिलेश वर्मा ने वरुण अग्रवाल का चरित्र सत्यापन नहीं कराया था। साथ ही संबंधित थाने में एजेंसी के कर्मचारी संबंधी जानकारी भी नहीं दी थी। इस आधार पर अखिलेश वर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

एडवोकेट विशाल की मौत के आठ दिन बाद प्रेमिका ने भी की खुदकुशी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः हनुमानगंज इलाके के ईसरानी मार्केट निवासी वकील विशाल रमनानी की पिछले दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना के आठ दिन बाद बैरसिया में रहने वाली उनकी प्रेमिका माही परतानी ने अपने घर में खुदकुशी कर ली।

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि दोनों ने इसी साल अगस्त में आर्य समाज मंदिर में शादी की थी। विशाल के स्वजन इस रिश्ते से खुश नहीं थे। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। बैरसिया थाना पुलिस के मुताबिक चौपड़ बाजार निवासी 26 वर्षीय माही ने बुधवार सुबह अपने घर में फांसी लगा ली। तलाशी के दौरान पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शुरुआती जांच में पता चला कि वर्ष 2025 में माही की कोलकाता निवासी एक युवक से शादी हुई थी।

हालांकि, दो महीने बाद ही वह मायके लौट आई थी। उसने अपने पति के खिलाफ कोलकाता में केस दर्ज कराया था। उस मामले में वकील विशाल रमनानी उसकी पैरवी कर रहे थे। तलाक के प्रकरण के सिलसिले में दोनों का कोलकाता आना-जाना होता था। इसी दौरान उनके बीच नजदीकियां बढ़ीं और दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई। इसके बाद दोनों ने 30 अगस्त को बरखेड़ा स्थित आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली थी। पुलिस के अनुसार विशाल के परिवार के लोग माही के साथ उसके रिश्ते को लेकर सहमत नहीं थे। पांच अक्टूबर को विशाल घर से निकले थे। उसके बाद लापता हो गए थे। छह अक्टूबर को भोपाल रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक किनारे उनका शव मिला था। विशाल के स्वजनों ने माही पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए थे। उधर मंगलवार रात को माही बैरसिया स्थित अपने घर में कमरे में सो रही थी। बुधवार सुबह उसकी मां ने बेटी को फांसी के फंदे पर लटके देखा। बैरसिया पुलिस खुदकुशी के कारणों की पड़ताल कर रही है।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति का आदेश जारी संघ ने जताया आभार

नप्र, भोपाल : मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति की अर्हता रखने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए आदेश जारी किए जाने पर लघु वेतन कर्मचारी संघ ने प्रसन्नता व्यक्त की है। संघ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा के प्रति आभार जताते हुए बधाई दी है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा कि शासन के इस निर्णय से प्रदेश के हजारों कर्मचारियों में उत्साह का संचार हुआ है। पदोन्नति नियम 2025 के तहत 45 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों को सीपीसीटी से छूट दी गई है, जबकि इससे कम आयु वालों के लिए सीपीसीटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार भविष्य में स्थायी कर्मियों, अंशकालिक, दैनिक वेतनभोगी और आउटसोर्स कर्मचारियों के हित में भी सकारात्मक निर्णय लेगी।

सेंट्रल जेल कालोनी में दिनदहाड़े प्रहरी के घर से 10 लाख की चोरी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सेंट्रल जेल परिसर की सुरक्षा के बीच बुधवार को दिन दहाड़े अज्ञात लोग जेल प्रहरी के सूने मकान से नकदी, सोना, चांदी सहित 10 लाख का माल समेट कर चलते बने। ताज्जुब की बात यह कि जेल की सरकारी कालोनी में सीसीटीवी भी नहीं लगे हैं। इस वजह से फिलहाल वारदात के बारे में कोई सुराग नहीं लग सका है।

गांधीनगर थाना पुलिस के अनुसार, जेल प्रहरी मनोहर भील केंद्रीय जेल परिसर की कालोनी नंबर-दो में परिवार के साथ रहते हैं। उनकी पत्नी गृहिणी हैं और बेटी बैरागढ़ स्थित श्रीईएमई सेंटर के केंद्रीय विद्यालय में पढ़ती है। बुधवार सुबह छह से दस बजे तक मनोहर की ड्यूटी हमीदिया अस्पताल में बंदी की निगरानी के लिए लगी थी। सुबह करीब 10:30 बजे वह घर लौटे। इसके बाद दोपहर 12 बजे पत्नी के साथ बेटी के स्कूल में मीटिंग के लिए निकल गए। दोपहर करीब डेढ़ बजे पति-पत्नी वापस लौटे तो घर में सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी एवं उसके लॉकर का ताला टूटा मिला।

उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर व नकदी गायब थी। पुलिस जांच में सामने आया कि चोर घर के पिछले हिस्से में आंगन की तरफ से आए और रसोई की खिड़की में लगी लोहे की छड़ों के बीच बने स्थान से घर में दाखिल हुए। संभवतः वारदात में किसी नाबालिग के भी शामिल होने की संभावना है। मनोहर ने पांच तोला सोना, तीन किलो चांदी के साथ ही चार लाख रुपये चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है।

शोभायात्रा आज, मां कंकाली को अर्पित होगी 201 मीटर लंबी चुनरी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भेल क्षेत्र स्थित ग्राम खजूरी कलां के श्री राम जानकी मंदिर सांस्कृतिक मंडल के तत्वावधान में गुरुवार को परंपरागत भव्य चुनरी यात्रा निकलेगी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पदयात्रा करते हुए विभिन्न मार्गों से होकर मां कंकाली धाम पहुंचेंगे। वहां माता को 201 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी।

मंडल के प्रवक्ता कुबेरसिंह राजपूत ने बताया कि गुरुवार सुबह नौ बजे खजूरी कलां स्थित शिवमंदिर में पूजा अर्चना के बाद यात्रा शुरू होगी। जो श्रीराम जानकी मंदिर से ग्राम बांसिया, जमुनिया कलां, नरूला सांकल से होते हुए माता कंकाली के धाम पहुंचेगी। वहां महाआरती के बाद प्रसादी वितरण होगा।

तेज आवाज में बजा रहे थे डीजे, मना करने पर बवाल, केस दर्ज

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः टीटीनगर क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब दो बजे तेज आवाज में डीजे बजाकर झांकियां ले जा रहे लोगों को रोकने पर विवाद हो गया। अपेक्स बैंक तिराहे के पास तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर पुलिस ने चार डीजे संचालकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार डीजे की आवाज कम करने की समझाइश देने पर हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने विवाद किया। घटना के एक वीडियो में कुछ लोग पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करते नजर आ रहे हैं। उधर धार्मिक संगठन के लोगों ने भी पुलिस पर धक्का-मुक्की करने के आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार 12 दफ्तर क्षेत्र में रहने वाला गोविंद खटीक और इसी क्षेत्र में रहने वाले नीरज प्रजापति कालीजी की झांकी लेकर जा रहे थे। झांकियों में काफी तेज आवाज में डीजे बज रहे थे। इस बात की जानकारी मिलने पर पुलिस रात करीब दो बजे अपेक्स बैंक तिराहे के पास पहुंची और डीजे की आवाज कम करने को कहा। इस मुद्दे पर विवाद शुरू हो गया। उस समय टीटीनगर पुलिस के साथ रात्रि गश्त कर रहे कमलानगर थाने में पदस्थ एसआई शैलेंद्र राजावत भी मौजूद थे। पुलिस की कार्रवाई के विरोध में संगठन के कार्यकर्ताओं ने टीटीनगर थाने के सामने प्रदर्शन किया और पुलिस कमिश्नरेट में शिकायत की। उन्होंने बुधवार को कमलानगर थाने का घेराव करने की चेतावनी भी दी। हालांकि, बाद में अधिकारियों की समझाइश के बाद मामला शांत हो गया। पुलिस ने चार डीजे संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नप जेरोन खालसा के अध्यक्ष को पद से वापस बुलाने मतदान 4 नवम्बर को

नप्र, भोपाल : सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री दिनेश श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि निवाड़ी जिले की नगर परिषद जेरोन खालसा के अध्यक्ष को पद से वापस बुलाने के लिए मतदान 4 नवम्बर को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना 6 नवम्बर को सुबह 9 बजे से होगी। निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 14 अक्टूबर को हो गया है। यह निर्वाचन 1 जनवरी 2026 की संदर्भ तारीख के आधार पर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार की गयी मतदाता सूची के आधार पर कराये जायेंगे। नगर परिषद जेरोन खालसा में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गयी है।

रावण के पुतलों को दिया जा रहा अंतिम रूप

नप्र, भोपाल : दशहरा पर्व से पहले राजधानी में रावण के पुतले तैयार करने का काम तेज हो गया है। कारीगर रावण के विशाल चेहरों और पुतलों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। पुतलों की रंगाई और सजावट का काम जारी है। शहर में 20 अक्टूबर को दशहरे के अवसर पर रावण दहन के आयोजन होंगे।



चालक से मारपीट कर बदमाशों ने नकदी, ऑटो लूटा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कटारा हिल्स थाना इलाके के ग्राम बर्राई में तीन बदमाशों ने एक ऑटो चालक से अड़ीबाजी कर रुपयों की मांग की। विरोध करने चालक के साथ डंडे से मारपीट कर उसका पर्स और ऑटो लूटकर फरार हो गए। वारदात मंगलवार दोपहर हुई। इस मामले में बुधवार को पुलिस ने एक नबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी ऑटो सहित फरार है। कटारा हिल्स थाना प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि लहारपुर एक्सटेंशन निवासी 60 वर्षीय रामसिंह राय ऑटो चालक हैं। मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे वह ऑटो लेकर बर्राई गांव के पास पहुंचे थे। इस दौरान उनके पास इलाके का निगरानी बदमाश अजय उर्फ गोल्डन दो साथियों के साथ पहुंचा और रामसिंह से रुपये मांगने लगे। अड़ीबाजी का विरोध करने पर तीनों ने डंडे से मारपीट कर रामसिंह का पर्स छीन लिया। इसके बाद उसे ऑटो से बाहर खींचकर ऑटो लूटकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने वारदात में शामिल एक बदमाश रवि मीणा और उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर लूटा गया पर्स बरामद कर लिया है। मुख्य आरोपी अजय उर्फ गोल्डन की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

नाबालिग सहित दो गिरफ्तार, एक फरार

आदिवासी छात्रों से अभद्रता मामले में मिसरोद थाना प्रभारी निलंबित

'जय जोहार' बोलने पर की थी गाली-गलौज मुख्यमंत्री ने दिए विभागीय जांच के आदेश

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः आदिवासी छात्रों से अभद्रता और गाली-गलौज के मामले में मिसरोद थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। आरोप है कि भोपाल में प्रदर्शन के दौरान छात्रों के 'जय जोहार' बोलने पर थाना प्रभारी ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और उन्हें 'यहीं कूट दूंगा' कहकर धमकाया।

मामले में पुलिस आयुक्त ने विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी घटना का संज्ञान लिया है। घटना मंगलवार को मिसरोद क्षेत्र में हुई। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के छात्र संगठन ने छात्रों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया था। इसी दौरान 'जय जोहार' बोलने पर रतन सिंह परिहार के अभद्र टिप्पणी का मामला सामने आया। घटना का वीडियो सामने आने के बाद आदिवासी विधायकों और विभिन्न संगठनों ने कार्रवाई की मांग की थी। राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि घटना दुखद है। 'जय जोहार' आदिवासी समाज का सम्माननीय उद्घोष है। मुख्यमंत्री ने मामले पर चर्चा कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जांच में अन्य लोग भी दोषी पाए गए तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने घटना को गंभीर और निंदनीय बताते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। उन्होंने कहा कि 'जोहार' आदिवासी संस्कृति, पहचान, स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक है। जयस के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. हीरालाल अलावा ने थाना प्रभारी के खिलाफ अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने और सेवा समाप्त करने की मांग की है।

कौशल पूर्व सैनिकों के पुनर्वास और...

कौशल विकास में क्रिस्प की भूमिका सराहनीय : सुकृति

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः रक्षा मंत्रालय के भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग की सचिव सुकृति लिखी ने बुधवार को सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफॉर्मेंस (क्रिस्प) का दौरा किया। उन्होंने डीजीआर के प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर उनके अनुभव जाने और संस्थान में संचालित प्रशिक्षण गतिविधियों की सराहना की। सुकृति लिखी ने कहा कि क्रिस्प पूर्व सैनिकों के कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुनर्वास महानिदेशालय के महानिदेशक मेजर जनरल एसबीके सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी पूर्व सैनिक अपने अनुशासन, परिश्रम और कौशल के बल पर बेहतर करियर बना सकते हैं। क्रिस्प के प्रबंध संचालक बसंत कुर्रे ने बताया कि संस्थान डीजीआर के अंतर्गत अब तक 600 से अधिक सैनिकों को कौशल प्रशिक्षण दे चुका है। प्रशिक्षण के साथ उनके रोजगार के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। क्रिस्प के संचालक अमोल वैद्य ने कहा कि संस्थान पूर्व सैनिकों को आधुनिक तकनीक और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण देकर सेवानिवृत्ति के बाद नए करियर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है।

वर्षगांठ समारोहः मिलिट्री बैण्ड से गूँजा शौर्य स्मारक

मिलिट्री बैण्ड द्वारा देशभक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियों से शौर्य स्मारक मुक्ताकाश मंच गूंज उठा एवं उपस्थित श्रोताओं ने कलाकारों का करतल ध्वनि से स्वागत किया। इसी अवसर पर आयोजित सैन्य अस्त्र-शस्त्रों की प्रदर्शनी का दर्शकों ने अवलोकन कर सैनिकों द्वारा युद्ध में प्रयोग किये जाने वाले शस्त्रों के सम्बन्ध में ज्ञानवर्द्धक जानकारी प्राप्त की। स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा देश पर प्राणोत्सर्ग करने वाले शूरवीरों को समर्पित शौर्य स्मारक की दसवीं वर्षगांठ समारोह अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शहीदों का स्मरण करते हुए श्री ईएमई सेंटर एवं द महार रेजीमेंट सेंटर के लगभग 30 से अधिक सैनिक कलाकारों द्वारा मिलिट्री बैण्ड के माध्यम से जहां डाल-डाल पर, सारे दर्शकों द्वारा सारे जहां से अच्छा, दिल दिया है जां भी देंगे, जय हो, मां तुझे सलाम, संदेशे आते हैं, भारत हमको जान से प्यारा है, तेरी मिट्टी में मिल जावां, वंदे मातरम् जैसे अनेक देशभक्ति गीतों के साथ ही भंवरे की गुंजन है मेरा दिल, आगे भी जाने न तू, ये कहां आ गये हम जैसे सदाबहार फिल्मी गीतों की कर्णप्रिय प्रस्तुति दी गयी।



E-mail id-mobhopal@gmail.com

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल

क्रमांक/1133/ खनिज/2026 **भोपाल, दिनांक 30/09/2026**

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि विश्वेश प्रताप सिंह पता म.नं. ए-65, सागर ग्रीन हिल्स, कोलार रोड, जिला भोपाल म.प्र. द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 10.09.2026 को प्रस्तुत किया गया है। प्रकाशन दिनातक से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाने हेतु आवेदन ई-खनिज 2.0 पोर्टल https://mines.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायगे हैं।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा	भूमि का प्रकार शासकीय/निजी	खनिज का नाम	रिमार्क
भोपाल	बैरसिया	रूनाहा	138/1	3.949 हेक्ट.	शासकीय	यांत्रिकी क्रिया गिट्टी बनाने के लिए पत्थर (अर्थात् क्रेशर के उपयोग हेतु)	-

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनिरियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज) जिला भोपाल म.प्र.

जी-20008/26